# डॉ. योगेश यादव को महासचिव राजस्थान के पद पर मनोनीत किया



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। विश्व यादव परिषद प्रदेश की कार्यकारिणी में विश्व यादव परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव ने अपने कार्यकारिणी में चौमूं के डॉ. योगेश यादव को महासचिव राजस्थान के पद पर मनोनीत किया। महासचिव पद नियुक्त होने पर विश्व यादव परिषद के पदाधिकारी तथा समाज के बंधुओ ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किये।

## बिहार चुनाव में कोड़ा विधानसभा 69 सीट पर पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सलमान खान रंगरेज को मिली



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर शहर निवासी युवा कांग्रेस नेता को बिहार विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक विभाग द्वारा जिम्मेदारी दी गई हे।जिसमे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार बिहार राज्य के कटिहार जिले के विधानसभा क्षेत्र कोड़ा(69) सीट में पर्यवेक्षक की जिम्मेदार सौंपी गई हे।इस आदेश के बाद सलमान खान रंगरेज ने पूर्व राजस्थान अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष आबिद कागजी व शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# चौमूं शहर के वार्ड नंबर 30 में अवैध बूचड़खाने संचालित



चौमूं (रॉयल पत्रिका) । चौमूं में अवैध बूचड़खाने धड़ल्ले से चल रहे हैं ना तो इनके पास में मीट बेचने का कोई लाइसेंस है और ना ही कोई नियम कायदे हैं । आखिर नगर परिषद की इन लोगों पर इतनी मेहरबानी क्यों बनी हुई है । सोने पर सुहागा ये है कि पास में मन्दिर है उसके चारों ओर ये अवैध मीट बेचने वाले जानवरों के अपशिष्ठ पदार्थ तक डाल देते हैं । कभी ईश बात को लेकर शहर में कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है । अगर वक्त रहते इन पर कारवाई नहीं हुई तो कभी भी ईश का फायदा उठाकर समाज कंटक कोई भी बवाल मचा सकते हैं । इसीलिए नगर परिषद को तुरंत इन अवैध बूचड़खानों पर लगाम लगा कर सख्त कार्यवाही करनी चाहिए । नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी जानकारी रखते हैं कि कहाँ पर और कौनसी अवैध मीट की दुकान है । फिर भी कार्यवाही करने का क्यों इंतज़ार किया जा रहा है ।

## ग़ज़ल - दिल ना दुखा

कुछ लम्हों में दिल बदलेगा ऐ बाबू
हां कह दो ना तुम भी ज़रा ऐ बाबू
ताड़ के देखा प्यार से देखा ऐ बाबू
पास मेरे कुछ आ जाओ ना ऐ बाबू
चाहे जितने दोस्त बना लो लेकिन तुम
नाजुक सा ये दिल न दुखा ना ऐ बाबू
चाह के तुझको हमने सब ठुकराया है
ढूंढ़ सकोगे तुम ना मुझ सा ऐ बाबू
मैंने ही बस तुम में बुराई ना देखी
किस किस ने क्या क्या न कहा ऐ बाबू
दुनिया वी खेलों में क्या रक्खा है
दर्द ना हो वो खेल सिखा ऐ बाबू

-फ़ज़लुर्रहमान


## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

Scan Here

-संपादक



## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।


# भामाशाह अग्रवाल के सहयोग से विष्णु महामाया मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य शुरू

## -मंदिर का निर्माण साढे छह हजार स्क्वायर फीट में होगा



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के टांकरडा ग्राम में स्थित मणिद्वीप धाम परिसर में वर्षों से लंबित पड़े विष्णु महामाया मंदिर के निर्माण कार्य का शुभारंभ चौमू निवासी भामाशाह श्याम बिहारी अग्रवाल एवं परिजनों के सहयोग से प्रारंभ हुआ। इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा व भामाशाह अग्रवाल एवं उनके परिजनों के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना के साथ कार्य का शुभारंभ किया। पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि धार्मिक कार्यों में क्षेत्र के भामाशाहों को आगे आना चाहिए। मंदिर निर्माण का कार्य अनवरत जारी रहेगा और इससे समाज में श्रद्धा एवं एकता की भावना जागृत होगी। अग्रवाल ने बालाजी के अधूरे मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने का संकल्प लिया। कैप्टन पंडित मोहनलाल शर्मा व पंडित रामस्वरूप शर्मा ने विधि-विधान के साथ गणेशजी, नवग्रह विष्णु महामाया की पूजा अर्चना करवाई। इसमें यजमान श्याम बिहारी अग्रवाल, संतोष देवी, हर्षिता देवी एवं परिजनों ने पूजा अर्चना की। पंडित सत्यनारायण भातरा, धाम के स्वामी योगेंद्राचार्य ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। धाम के स्वामी योगेंद्र आचार्य ने बताया कि मंदिर का निर्माण साडे छह हजार स्कायर फीट क्षेत्र में होगा। इसमें विशाल गर्भग्रह, ध्यान कक्ष, सांस्कृतिक केंद्र एवं शोध संस्थान शामिल होंगे। 9 फीट ऊंची व 18 हाथों वाली माता की प्रतिमा पहले से ही स्थापित है। यह मंदिर आसपास के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक व पारंपरिक वास्तुकला का संगम होगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण की गई। इस दौरान पर सेवानिवृत्त शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, डॉ. के.बी. शर्मा, डॉ. मनोज भातरा, भुवनेश तिवाड़ी, कैलाश तिवाड़ी, पवन सिंह राजावत, रामनारायण कुलरिया, कल्याण प्रजापत, माधव शर्मा, सीताराम सोनी, लक्ष्य भातरा, रोहित सिंह, सूरज्ञान चौधरी, बालजी चोपड़ा, गोपाल चोरिया, छुट्टन सिंह, श्रवण सिंह सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# राजस्थान हाईकोर्ट में बम की सूचना पर हड़कंप

## -हाईकोर्ट परिसर को खाली करवाया गया





जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान हाईकोर्ट में 31 अक्टूबर 2025 को बम की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। ईमेल के जरिए मिली इस धमकी के बाद तुरंत हाईकोर्ट परिसर को खाली करवाया गया। सूचना मिलते ही ATS, डॉग स्क्वॉड टीम और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने हाईकोर्ट के सत्यमेव जयते भवन की सघन जांच की। हालांकि, जांच में किसी भी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जयपुर में इस तरह की सूचनाओं पर पुलिस प्रशासन और सिविल प्रशासन की ओर से तुरंत एक्शन लिया जाता है। प्रशासन संभावित जान- माल की हानि को रोकने के लिए प्रयासों में जुट जाता है। इस बार भी जयपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरे हाईकोर्ट को सुरक्षा घेरे में लेकर चप्पे-चप्पे की तलाशी लेकर संदिग्ध वस्तुओं को ढूंढने की कोशिश की। यह बात अलग है कि हाईकोर्ट में कोई संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला।

# मोग्या गैंग के चार शातिर नकबजनी को पुलिस की विभिन्न टीमों ने जिला दौसा, करौली व टोंक से दबोचा

## -घरों में दीवार, जंगले तोड़ कर एवं मकान का ताला तोड़ कर चोरी की वारदातों को दिया जाता था अंजाम



सवाई माधीपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस अधीक्षक, अनिल कुमार बेनिवाल, आईपीएस ने बताया कि सवाई माधोपुर पुलिस ने जिला सवाई माधोपुर के विभिन्न थानों के ग्रामीण क्षेत्र में विगत दिनों में हुई लगातार चोरी एवं नकबजनी करने वाले गिरोह के चार बदमाशों को पकड़कर बड़ी सफलता हासिल की है। बदमाशों ने पिछले दो-तीन माह में घरो में दीवार व जंगले तोड़ कर, दुकानों एवं मकान का ताला तोड़ कर इन वारदातों को अंजाम दिया था। पुसिल अधीक्षक ने बताया कि थाना सूरवाल के ग्राम मैनपुरा में 28 सितम्बर, 23 सितम्बर, 2025 की रात्रि को ग्राम दुब्बी, 20 सितम्बर, 2025 को ग्राम जटवाडा में रात्रि की कई मकानों की दीवार एवं जंगले या ताला तोड़कर मकान में प्रवेश कर जेवरात एवं नकदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इन वारदातों के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सवाई माधोपुर मुख्यालय रामकुमार कस्वां, वृताधिकारी शहर सवाई माधोपुर उदय सिंह के सुपरविजन में तीन थानाधिकारियों सूरवाल, मानटाउन, मलारना डूंगर एवं डीएसटी को सम्मिलित कर विशेष टीमों का गठन किया गया। विशेष टीम द्वारा अथक प्रयास कर तरीका वारदात का विश्लेषण कर इस प्रकार की घटनाओं चालानशुदा अपराधियों एवं संदिग्धों से पूछताछ की गई। विशेष टीम के सदस्यों को मुखबिर से पता चला कि उक्त चोरियां / नकबजनी की वारदाते भोग्या गैंग द्वारा कारित की जा रही है। मवेशियों के ग्वाला बनकर कर पुलिसकर्मियों द्वारा रेकी की गई विशेष टीम द्वारा सार्थक प्रयास कर इस गैंग के सदस्यों की पहचान के लिए इनकी गतिविधियों की लगभग 15 दिवस तक निगरानी की गई। नकबजन गिरोह के सदस्यों की पहचान एवं उनको पकड़ने के लिए पुलिसकर्मियों ने मवेशियों के ग्वाल बन कर इनकी रैंकी की गई। इनके रहने के मकानों / टापरियों की पहचान कर उनके आने जाने के रास्तों एवं साधन वाहनों के नम्बर प्राप्त किये गये। इन बदमाशों की पुख्ता सूचना प्राप्त होने पर पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा कार्य योजना बनाकर इनकी घेराबन्दी कर गैंग के चार बदमाशों सदस्यों को जाट बडौदा, गंगापुर, बनास नदी पक्का बंधा टोंक के डेरों पर दबीश देकर दबोचने में सफलता प्राप्त की।

**गिरोह के इन बदमाश को पकड़ा-**

जोधा राम उर्फ चाच्या उर्फ जोधा, मुकेश उर्फ सुमान पुत्र कैलाश उर्फ देवी लाल, गुड्डा पुत्र कैलाश उर्फ देवी लाल, रामफूल पुत्र घासी।

**घरो में ऐसे लगाते थे सेंध-**

बदमाश चोरी करने के लिए गेट का कुन्दा काटकर मकान में प्रवेश करते थे या दीवार में लगे पत्थर या जंगला तोड़कर या ईटों में से कुछ पत्थर हटा कर एक आदमी लेट कर अन्दर घुस जाए, इसके बाद कमरे में प्रवेश कर चोरी की करदात को अंजाम दिया जाता है। बदमाश चोरी के लिए मोटरसाईकिल का इस्तेमाल करते थे, इनके पास कद्र, पेचकस, टॉर्च हमेशा साथ होते थे। मुख्यतः गांव के बाहर बने हुए मकानो को ज्यादा टारगेट करते थे, जिससे जाग होने पर आसानी से भागा जा सकें। ये बदमाश बिना रेकी किये हुए वारदातों को अंजाम देते है घर से निकलने के बाद जिस मी दिशा में जाते थे उस दिशा में आने वाले किसी भी गांव में घुस जाते थे एवं वारदातों को अंजात देते थे। इस गैंग का सरगना जोध्या उर्फ जोधाराम मोग्या है जिसके विरूद्ध विभिन्न जिलो में चोरी लूट नकबजनी के 13 प्रकरण दर्ज है। अन्य बदमाशों का आपराधिक रिकार्ड संकलित किया जा रहा है। इनसे पूछताछ से अन्य चोरियों की वारदातें खुलने की संभावना है। इस गैंग में छः बदमाश शामिल है दो अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

**पुलिस की टीम-**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां के नेतृत्व में पुलिस टीम के सदस्य जिनका कार्यवाही मे योगदान जितेन्द्र सिंह थानाधिकारी मलारना डूंगर,सुनील कुमार गुप्ता थानाधिकारी थाना मानटाउन, जयप्रकाश थानाधिकारी थाना सूरवाल, श्याम सुन्दर प्रभारी डीएसटी सवाई माधोपुर, अजीत मोगा सहायक उप निरीक्षक सायबर सेल, हरिशंकर सहायक उप निरीक्षक थाना सूरवाल, संजय कुमार हैड कानि, बुद्धिप्रकाश कानि 55 थाना मानटाउन विशेष भूमिका, हनुमान कानि 258 थाना खण्डार - विशेष भूमिका, मुकेश यादव कानि 990 - विशेष भूमिका, राजेश कानि 104 डीएसटी, मनीष कानि 1423 डीएसटी, सोनाराम कानि डीएसटी, आशाराम कानि 1447 डीएसटी, हेमन्त कानि 1402 डीएसटी, केदार प्रसाद कानि थाना मलारनाडूंगर, विजय सिंह कानि 109, हरवीर कानि 646 थाना सूरवाल, भवानीशंकर कानि 232 थाना सूरवाल, हरिसिंह कानि 1133 थाना मानटाउन महेन्द्र कुमार हैड कानि व राजकुमार कानि सायबर सेल। पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर द्वारा पुलिस टीम के इस कार्य की प्रशंसा की गई है।

# सनातन संस्कृति के लिए गाय की रक्षा जरूरी है- तिवाड़ी

## - गायों की सेवा करने पर जोर दिया

## - 51 गोसेवकों का मुख्य अतिथि घनश्याम तिवाडी ने किया सम्मान



चौमू (रॉयल पत्रिका)। पंचायत समिति गोविंदगढ़ के स्थित कृष्ण गोपाल गौशाला में आयोजित 32 वां गोपाष्टमी एवं मेला और सम्मान समारोह में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी ने कहा कि सनातन संस्कृति को जीवित रखने के लिए गौ सेवा जरूरी है। गाय हमारी राष्ट्रीय माता है गाय का गोमूत्र दूध अमृत के सम्मान होता है। इस कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल गौशाला समिति के सचिव एडवोकेट रघुवीर सिंह राठौड़ ने भी कहा कि मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद गण शांतिवादी को 51 गौ सेवकों को दुपट्टा उडाकर और स्मृति चिन्ह देखकर उनका सम्मान किया। इस कार्यक्रम के दौरान गौशाला में गौशाला परिक्रमा व एक दिवसीय हवन यज्ञ और भंडारा में प्रसादी वितरित की गई। इस कार्यक्रम में मौके पर संत रतिराम जी महाराज, साध्वी नवल बाईसा, समिति के अध्यक्ष सांवरमल अग्रवाल, सरपंच रमेश शर्मा, कॉलेज प्रिंसिपल जय भारत सिंह, रणवीर सिंह, बाबूलाल जांगिड़, जयपाल सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# होमगार्ड कम्पनी कमांडर 4,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

## -ड्यूटी लगाने की एवज में होमगार्ड से ही मांग रहा था 5,000 रुपये



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), राजस्थान की एस.आई.यू इकाई ने गुरुवार को जयपुर में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए होमगार्ड पुलिस लाइन में तैनात एक कम्पनी कमांडर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपी कम्पनी कमांडर चन्द्रशेखर शर्मा को 4,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि परिवादी, जो स्वयं एक होमगार्ड है, ने ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उसकी ड्यूटी लगाने के बदले में कम्पनी कमांडर चन्द्रशेखर शर्मा 5,000 रुपये की रिश्वत की मांग कर उसे परेशान कर रहा है। शिकायत मिलने पर, एसीबी की टीम ने पहले इसका सत्यापन किया। सत्यापन सही पाए जाने पर, जयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एस.आई.डब्ल्यू.) संदीप सारस्वत के नेतृत्व में एक ट्रैप कार्रवाई आयोजित की गई। पुलिस उप अधीक्षक सुरेन्द्र पंचोली एवं उनकी टीम ने आज कार्रवाई को अंजाम देते हुए आरोपी कम्पनी कमांडर चन्द्रशेखर शर्मा को परिवादी से 4,000 रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। ब्यूरो ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है।

# हज़रत शेख अलाउद्दीन हसन साहब (रह. अ.) का उर्स सम्पन्न

सांगानेर (रॉयल पत्रिका) । हज़रत शेख अलाउद्दीन हसन साहब कादरी व चिश्ती (रह. अ.) का 336वां उर्स मुबारक हर साल की तरह इस साल भी मनाया गया। उर्स व लंगर का इन्तेज़ाम इन्तिजामिया कमेटी बिरादरी खरादी लुहारान मुलतानी, शहर जयपुर की तरफ से किया गया। उर्स में जयपुर व बाहर के मशहूर कव्वालों ने अपने-अपने कलाम पेश किये। दरगाह इन्तिज़ामिया कमेटी के सचिव अब्दुल मजीद ने बताया कि हज़रत शेख अलाउद्दीन हसन साहब की दरगाह जयपुर शहर की सबसे पुरानी दरगाह है। हज़रत शेख अलाउद्दीन हसन साहब शहर मुलतान से हिजरत करके बिरादरी खरादी लुहारान मुलतानी के लोगों के साथ करीब 365 साल पहले सांगानेर आकर बसे और फिर यहीं आपका विसाल 1110 हिजरी में हुआ। उर्स इतवार 2 नवम्बर को रात 8 बजे मीलाद शरीफ व उसके बाद महफिले कव्वाली के साथ शुरू हुआ। महफिले समा से पहले बिरादरी खरादी लुहारान मुलतानी, जयपुर की तरफ से चादर पेश की गई। रात 2 बजे फातेहा हुई। सोमवार 3 नवम्बर को बाद नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी व 10 बजे चादर हाजी इस्लामुद्दीन काग़ज़ी, काग़ज़ी मोहल्ले से होकर दरगाह शरीफ आई। सुबह 11 बजे फातेहा व लंगर हुआ। बाद नमाज़ मग़रिब कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन हुआ।

# नगर में श्वानों का आतंक, 16 लोग बने शिकार

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर में आवारा श्वानों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले दो दिनों में करीब 16 लोगों को श्वानों ने काट खाया, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। शुक्रवार को ही 11 लोगों को घायल अवस्था में मनोहरपुर CHC लाया गया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी अनुसार 31 अक्टूबर को धर्मेन्द्र 22 साल मनोहरपुर, रामेश्वर 50 साल, गुड्डी 40 साल, निर्मल 35 साल, छोटी लाल 30 साल देव का हारवाड़ा, 1 नवंबर को पंचूराम 60 वर्ष मनोहरपुर वर्ष 15 वर्ष मनोहरपुर तंगीश खान 20 वर्ष, रामवीर 18 वर्ष, चांद मोहम्मद 36 वर्ष, भारत 24 वर्ष सलीम 60 वर्ष कुलदीप 40 वर्ष कालूराम 70 वर्ष मदन 23 साल व लाली देवी 57 वर्ष छारसा को श्वान ने काटकर घायल किया। क्षेत्र में श्वान ने पहले सुबह 5 लोगो को और शाम को 6 लोगो को 11 लोगों श्वान ने काटकर घायल कर दिया। इससे पूर्व 5 लोगो को काटकर घायल कर दिया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि पालिका प्रशासन पूरी तरह लापरवाह है, न तो पिंजरे की व्यवस्था है, न ही समय पर श्वानों को पकड़ा जा रहा है। पालिका कर्मी दो घंटे से उस खूंखार श्वान को ढूंढने में जुटे रहे, जिसे बाद में आबादी क्षेत्र से बाहर भगाया गया। ज्ञात रहे कि पालिका ने पूर्व में श्वान बंध्याकरण और टीकाकरण शिविर आयोजित करने का दावा किया था, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। नगर में श्वानों के झुंड खुलेआम गलियों में घूम रहे हैं और अब तक कई बार लोगों को घायल कर चुके हैं। ग्रामीणों ने पालिका से तत्काल कार्रवाई कर श्वानों के आतंक से राहत दिलाने की मांग की है। नगरवासियों में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है।

पृष्ठ एक का शेष....

# पीएम मोदी ने तेलंगाना बस हादसे पर जताया दुख......

घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।"

**हादसे के समय बस में लगभग 70 यात्री थे सवार**

रंगारेड्डी जिले में हुई बस और ट्रक की टक्कर में अब तक 20 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर चेवेल्ला मंडल के मिर्जागुडा के पास हैदराबाद-बीजापुर राजमार्ग पर सुबह लगभग 6.30 बजे हुई। हादसे के समय तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) की बस में लगभग 70 यात्री सवार थे।

**कंक्रीट से लदे एक ट्रक से हुई जोरदार टक्कर**

तांडूर से हैदराबाद जा रही बस को गलत दिशा से आ रहे कंक्रीट से लदे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक के बस में घुसने से पहली छह पंक्तियों में बैठे यात्री गिरकर बजरी के नीचे दब गए। मृतकों में एक 10 महीने की बच्ची और उसकी मां भी शामिल हैं। बस और ट्रक चालकों की भी हादसे में मौत हो गई। कई यात्री घायल हो गए और उन्हें चेवेल्ला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।


पृष्ठ एक का शेष....

# मुसलमानों पर देश को बढ़ाने और बचाने की.......

आज देश स्वतंत्र है तो हम भी स्वतंत्र हैं। लेकिन वर्तमान में देश में शांति एवं भाईचारा कायम रखने में भी कुर्बानियां देनी पड़ेगी। मुस्लिम समुदायों के बुद्धिजीवियों को युवाओं को समझाना पड़ेगा कि वह किसी के उकसावें में नहीं आए। हमको शिक्षा प्राप्त करने और अच्छा रोजगार प्राप्त कर देश की आर्थिक मजबूती के लिए काम करने की तरफ अग्रसर किया जाए। क्योंकि टकराव के रास्ते से देश की बर्बादी शुरू हो जाती है। भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन मुस्लिम युवाओं को गुप्त रूप से देश के प्रति वर्गलाने का काम कर सकते हैं, उनकी साजिशों से बचना काफी जरूरी है। मुस्लिम युवाओं को चाहिए कि वह ईमानदारी से शिक्षा प्राप्त करें, रोजगार प्राप्त करें और व्यवसाय करें। उकसावे की चीज से बचें या फिर कानून का साथ ले। देश की वर्तमान स्थिति बताती है कि मुसलमानों को राजनीतिक रूप से जागरूक होकर अच्छी और देश की सोचने वाली सरकार चुनने में समाज के उन लोगों की सहायता कर सकते हैं जो देश को बचाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। इसलिए कहां जा सकता है कि वर्तमान में मुसलमानों के ऊपर दोहरी जिम्मेदारी है। एक तो उन्हें देश में एकता, भाईचारे और शांति बनाने में अपना योगदान देना है, साथ में देश किस प्रकार दुनिया का अग्रणी देश बने, के लिए हमेशा कोशिश करते रहनी है।

# ओआरएस के नाम पर बेचे जा रहे महंगे फ्रूट ड्रिंक

**डॉ. तोहिद**



कोटा (रॉयल पत्रिका)। कोटा में फूड विभाग ने बड़ी कार्रवाई की जिसके चलते आमजन को सेहत के नाम पर गुमराह किया जा रहा बाजार में ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट्स) जैसे नामों से फ्रूट ड्रिंक और पेय पदार्थ बेचे जा रहे हैं। ये उत्पाद दिखने और नाम से ओजारएस जैसे लगते हैं, लेकिन वास्तव में ये दवा नहीं बल्कि सिर्फ फ्लेवर्ड ड्रिंक हैं। दस रुपए के असली ओआरएस पैकेट की जगह लोगों को 45 से 50 रुपए का पेय पदार्थ दे दिया जाता है। जो दस्त जैसी बीमारियों में किसी भी तरह का लाभ नहीं देता।खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉक्टर टी. शुभमंगला के निर्देश पर,सीएमएचओ कोटा डॉक्टर नरेंद्र नागर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने न्यू अर्जुन विहार प्रथम स्थित एक फार्मेसी फर्म पर बड़ी कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि फर्म अमृतांजन इलेक्ट्रो रिहाइड्रेट एप्पल ड्रिंक नामक रेडी टू सर्व पेय को ओआरएस के रूप में बेच रही थी। टीम ने मौके से 200-200 मिलीलीटर की 110 मूल बोतलें, कुल 22,000 एमएलसीज किया और नमूना जांच के लिए भेजा जांच के दौरान फर्म का खरीद बिल अमृतांजन हेल्थकेयर लिमिटेड तमिलनाडु का पाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने संबंधित ड्रिंक ब्रांडों को रिकॉल करवाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। डॉ. नरेंद्र नागर ने बताया कि असली ओआरएस दवा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियम 1945 केपंजीकृत और डीसीजीआई द्वारा मान्यता प्राप्त उत्पाद है, जिसका उपयोग डायरिया और डिहाइड्रेशन केइलाज में किया जाता है। जबकि बाजार में मिल रहे ये पेय पदार्थ केवल फ्रूट बेस्ड या नॉन-कार्बोनेटेड ड्रिंक हैं। जिनका औषधीय उपयोग नहीं किया जा सकता। भ्रामक नामों वाले कुछ उत्पादों में ओआरएस अल इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक, पेपरबॉट स्विंग जूसी ओआरएस, स्टेफिट, ओआरएस फिट, अमृतांजन इलेक्ट्रोलाइट, बॉडी आर्मर, फ्रूटॉस, फास्टअप रिलोड जैसे ब्रांड शामिल हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रवीर सिंह, अरुण सक्सेना, संदीप अग्रवाल और मोजीलाल कुंभकार शामिल रहे।

# भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन का सघन जन संपर्क जारी

## -धन बल के सामने मैं गरीब किसान का बेटा मुझे सेवा का अवसर दें- मोरपाल सुमन

**शब्बीर हुसैन**



बारां (रॉयल पत्रिका)। भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन का सघन जनसंपर्क लगातार जारी है रविवार को सुमन कोयला, टापरिया, मानपुरा, खेड़ली केशो, मीणा का टापरा, पीलिया, बोरडी, राजपुरा, आदि गाँवो मे घर घर जाकर 11 नवम्बर को होने वाले मतदान मे अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में वोट देने का आह्वान किया। जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों ने भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन का बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ माला दुपट्टा वह साफा बंदी कर स्वागत व अभिनंदन किया वही प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने कोयला मे मातृभूमि को प्रणाम कर कहां की ये राजा और रंक की लड़ाई है एक तरफ धन बल बाहुबली प्रत्याशी है दूसरी तरफ में एक गरीब किसान का बेटा हूं भारतीय जनता पार्टी ने मुझे प्रत्याशी बनाकर हजारों लाखों करोड़ों गरीब किसान परिवारों का मान बढ़ाया है अतः मेरी आपसे विनम्र अपील है की 11 तारीख को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक कमल के फूल के निशान पर बटन दबाकर विजयश्री का आशीर्वाद देकर सेवा करने का अवसर दे। जनसंपर्क के दोरान बारां अटरु विधायक राधेश्याम बैरवा, भाजपा नेता मुकेश केरवालिया, विक्की शर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पारेता सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता पदाधिकारी व समर्थक मौजूद रहे।

# अंता विधानसभा उप चुनाव

## -ईवीएम मशीनों का किया द्वितीय रेण्डमाईजेशन




बारां (रॉयल पत्रिका)। अंता विधानसभा उप चुनाव में उपयोग ली जाने वाली ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन रविवार को मिनी सचिवालय सभागार में किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक सुभाश्री नन्दा, पुलिस पर्यवेक्षक गगनदीप गम्भीर, जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि निर्वाचन में पारदर्शिता के तहत 11 नवम्बर को मतदान में उपयोग ली जाने वाली वोटिंग मशीनों का कम्प्यूटर साफ्टवेयर के माध्यम से दूसरा रेण्डमाइजेशन किया गया है। इनमें से 268 ईवीएम मतदान बूथों के लिए निर्धारित की गई। इसके अलावा ईवीएम की 80-80 कंट्रोल यूनिट व बैलट यूनिट तथा 107 वीवीपैट रिजर्व रखी गई हैं।

# मदरसा जामिया अरबिया मदीनतुल उलूम द्वारा जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन




कोटा (रॉयल पत्रिका)। मदरसा जामिया अरबिया मदीनतुल उलूम,विज्ञान नगर के तत्वाधान में कुरआन हिफ्ज कर चुके बच्चों की दस्तार बंदी की गई। मदरसे के संस्थापक कारी मोहम्मद आदिल ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि कंसुआ स्थित चिमनी वाले बाबा की दरगाह परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में ज़िंदगी के कई साल लगाकर कुरआन कंठस्थ करने वाले पांच बच्चों को सनद दी गई। उन्होंने बताया कि मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश से आए मुफ्ती मोहम्मद मुस्तकीम थे। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता ने कहा कि तालीम हासिल करने के लिए इस्लाम मज़हब ने अपने अनुयायियों को लाज़मी बताया है। तालीम ही इंसान को ज़िन्दगी जीने का तरीका सिखाती है। कार्यक्रम ने बोलते हुए महाराष्ट्र से आए अन्य वक्ता जामियतुल उलमा संगठन के उप कोषाध्यक्ष कारी मोहम्मद युनूस नक्शबंदी ने कहा कि इस समय मुसलमानों को अपने किरदार को कुरान के मुताबिक बनाने की जरूरत है,जिसमें इंसान दोस्ती पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम में बेहतरीन शिक्षा में प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। साथ ही मुस्लिम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन काम करने वालों को भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज की कई महिलाएं,सर्वोदय स्कूल के ए.जी. मिर्ज़ा, एडवोकेट अंसार इंदौरी, हाफिज इमरान, डॉ. मुजाहिद, एड. मोहम्मद रहीम, डॉ.आसिफ मिर्ज़ा, समाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अरशद, हबीबुल्लाह सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अंत में प्रोग्राम के कन्वीनर मौलाना अब्दुल वकील ने आए हुए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

# स्टोन खदानों की देखरेख अब केंद्र सरकार करेगी

## -व्यापारी बोले-पत्थर निकालना भी बंद हो जाएगा



सुकेत (रॉयल पत्रिका)। वर्तमान में कोटा स्टोन की खदाने झालावाड़ जिले में ही संचालित है। जिन्हें माइनर मिनरल्स की श्रेणी में रखा गया है। इन्हें राज्य सरकार के नियमों के तहत संचालित किया जाता है। भारत सरकार के खान मंत्रालय में संयुक्त शासन सचिव अरविंद सारस्वत ने इस विषय में आदेश जारी किए। जिसके तहत एमएमडीआर अधिनियम 1957 की धारा 20ए में अधिसूचना 10 अक्टूबर से चूना पत्थर को प्रधान खनिज घोषित कर रियायत के संबंध में दिशा निर्देश दिए। खान मंत्रालय ने 13 अक्टूबर बताया से कि प्रकरण में खान मंत्रालय अब राज्य सरकार के बजाय भारत सरकार केन्द्र से प्राप्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करेगा। इससे क्षेत्र में संचालित कोटा स्टोनबजाय केंद्र सरकार करेगी। कोटा स्टोन खदानों को अब मेजर मिनरल्स की श्रेणी में डाल दिया है। ऐसे में संचालित माइंस राज्य सरकार से नहीं बल्कि केंद्र सरकार के विभाग आईबीएमएम की ओर से निर्देशित किया जाएगा। व्यापारियों के अनुसार आईबीएम के नियम अधिक है। वर्तमान में खदानें इतना व्यापार नहीं कर रही है। साथ ही, अधिक नियमों की पूर्ति भी नहीं कर पाएगी। आईबीएम एवं केन्द्र के नए एरिया लंबे चौड़े दिए जा सकते हैं, जो कि सीमेंट इंडस्ट्री में भी दिए जाएंगे। जिसका फैलाव काफी लंबा-चौड़ा होगा। छोटे-छोटे खान व्यवसायी एकमुश्त इतना रुपया नहीं दे पाएंगे। साथ ही, कोटा स्टोन की माइंस भी नहीं ले पाएंगे। इस तरह से सभी कोटा स्टोन की खदानें एवं पत्थर निकालने की प्रक्रिया बंद हो जाएगीलाइम स्टोन माइनिंग एसोसिएशन चेचट और दूसरे खदान मालिकों ने बताया कि यह फैसला बहुत ही गलत है। इससे रामगंजमंडी, झालावाड़-कोटा के कई हिस्से प्रभावित होंगे। इन क्षेत्रों मेंखदानों से जुड़े हुए व्यवसाय जैसे कि फैक्ट्रियां, कटर, ब्रिंगिंग मोटर, रिवाइंडिंग मशीन, फेंसिंग, इलेक्ट्रॉनिक समेत अन्य प्रकार के जुड़े कार्य भी प्रभावित होंगे। जिससे भी समस्या होगी। संगठन के सदस्यों ने बताया कि जल्द इस समस्या को लेकर समाधान के लिए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिला जाएगा।

# राईन समाज के चुनाव सम्पन्न

## -मुन्ना राईन बने अध्यक्ष जोनी राईन सचिव निर्वाचित



कोटा (रॉयल पत्रिका)। ज़मीयतुल राईन विकास समिति,कोटा की नई कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को योग भवन विज्ञान नगर में आयोजित हुए। संस्था के रजिस्टर्ड सदस्यों ने मतदान कर अध्यक्ष पद पर मो० शकील उर्फ मुन्ना राईन सचिव पद पर जुल्फिकार उर्फ जोनी राईन का निर्वाचन किया। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर जाकिर हुसैन राईन निर्विरोध निर्वाचित किये गए। समाज के लोगो मे मतदान के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। निर्वाचित सदस्यों ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक पद पर मो. हफ़ीज़ को उपाध्यक्ष पद पर मुजफ्फर राईन, शरजील राईन को, सह सचिव पद पर जावेद राईन, आदिल राईन को एवं प्रवक्ता के रूप में शाहरूख राईन को मनोनीत किया। सभी निर्वाचित एवं मनोनीत सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित किया। चुनाव अधिकारी लियाकत राईन, यासिर राईन, गुलरेज राईन व मो. एजाज़ ने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न किया।

# दुल्हन ही दहेज है, बिना किसी दहेज के अपने लाडले की शादी आयोजित करके मुस्लिम समुदाय में एक मिशाल कायम की

लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। अमन खान पुत्र यूसुफ खान पहाड़ियान निवासी झाड़ोद हाल निवासी शहरिया बास प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल लाडनूं के अपने लाडले सुपुत्र की शादी को मुस्लिम समुदाय के बीच एक यादगार पल बना दिया है। यह शादी बिना किसी लेन-देन के सम्पन्न हुई जो क्षेत्र में बनी मिसाल बनी है बिना किसी दहेज और बिना किसी लेनदेन मुस्लिम शरियत के अनुसार बड़ी सादगी के साथ यह शादी सम्पन्न हुई। जहां पांच वक्त की इबादत होती है उसी स्थान यानी के मस्जिद में निकाह पढ़ाया गया, युवा सोच जज्बा और जुनून रखने वाले अमन और युसुफ खां ने अपनी सोच को एक नई दिशा दी है। समाज के दूसरे युवाओं के लिए यह शादी अपने आप में एक प्रेरणादायक साबित होगी तथा बिना किसी लेन-देन के शादी करने की मुहिम का अपने घर से आगाज करके पुरे क्षेत्र में बेहतरीन संदेश दिया है जिसकी चर्चा चारों तरफ की जा रही है। मुस्लिम समुदाय के अलावा अन्य जाति समुदाय के लोगों ने इस शादी की प्रशंसा करते हुए प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक युसुफ खां सहित उनके परिवारजनो को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं दुल्हा-दुल्हन के उज्जवल भविष्य और लम्बी उम्र की कामना की है।

# प्रमोद भाया ने किया डेढ दर्जन से अधिक गांवों में जनसम्पर्क

## -पूर्व मंत्री ममता भूपेश, विधायक भैरोसिंह परिहार,पीसीसी सचिव धर्मराज मेहरा सहित कई नेता जुटे जनसम्पर्क में



बारां (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया द्वारा रविवार 02 नवंबर 2025 को अंता विधानसभा क्षेत्र के डेढ दर्जन से अधिक गांव में पहुंचकर मतदाताओं से जनसम्पर्क किया तथा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने बताया कि रविवार को प्रमोद भाया के समर्थन में पूर्व मंत्री एवं प्रदेषाध्यक्ष राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ममता भूपेश, विधायक भैरोसिंह परिहार, जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव धर्मराज मेहरा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेश वर्मा द्वारा भी कई गांवों में जाकर मतदाताओं से जनसम्पर्क किया गया। प्रमोद जैन भाया ने गांवों में जनसम्पर्क के दौरान कहा कि मेरे द्वारा सभी जाति, धर्म के लोगों को मेरा परिवार मानकर सेवा भाव से राजनीति करने का प्रयास किया है। जो लोग जाति, धर्म की बातें करते है यह वे लोग है जिन्होनें कभी जाति का भला किया ना कभी धर्म का भला किया। निर्दलीय प्रत्याशी बडी-बडी बाते करते है, इनसे पूछे कि यह छबड़ा में चुनाव लड़ने के बाद वहां के मतदाताओं के हाल पूछने गए भी हो तो। वहां के कई किसान भाईयों की डिपियां उठा ली गई तथा कई के खिलाफ पुलिस में मुकदमें दर्ज हो गए। भाया ने कहा कि यह मैं नही कह रहा बल्कि भाजपा के केबिनेट मंत्री किरोडीलाल मीणा कह रहे है जिसका एक विडियो भी आप लोगों ने सुना होगा जिसमें उन्होनें कहा कि समरावता में भी इन्हें भारतीय जनता पार्टी ने खडा किया था। निर्दलीय प्रत्याशी तो भाजपा के लिए वोट काटने की मशीने है जो टूल बनकर भाजपा का कार्य करते है। मतदाता बहकावे में नही आए तथा अपने वोट की कीमत को पहचानते हुए कांग्रेस पार्टी को विजयी बनावे। पूर्व मंत्री एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की प्रदेषाध्यक्ष ममता भूपेश, विधायक भैरोसिंह परिहार, पीसीसी सचिव धर्मराज मेहरा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सत्यनारायण भूमल्या द्वारा रविवार को प्रमोद जैन भाया के पक्ष में कई गांवों में मतदाताओं के बीच पहुंचकर जनसम्पर्क किया गया। जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेश वर्मा द्वारा महिला टीम के साथ सीसवाली कस्बे में पहुंच कर डोर-टू-डोर मतदाताओं से जनसम्पर्क किया गया तथा विकास के नाम कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी प्रमोद भाया के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर विजयी बनाने की अपील की गई।





